Title: Need to ensure protection of SCs and Backward Class people particularly in Ajamgarh and adjoining areas in U.P.

श्री दरोगा प्रसाद राय (लालगंज): उपाध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के आज़मगढ़ और इसके आसपास इलाकों में रह रहे अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग पर हो रहे अत्याचार और उनकी सामूहिक हत्या पर ध्यान दिलाना चाहता हूं। इन वर्गों की सुरक्षा के समुचित प्रबंध नहीं हैं। अभी अक्तूबर के माह में एक अनुसूचित जाति परिवार के पांच लोगों की हत्या की गई।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के लोगों की हिफाज़त हेतु केन्द्र स्तर पर तत्काल कदम उठाये जायें।